संख्या–cm-06
05/01/2024

मुख्यमंत्री ने पंचायती राज विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

मुख्य बिन्दु :–

- बचे हुए पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें।
- पंचायत सरकार भवनों की छतों पर सोलर प्लेट जरूर लगवाएं।
- सभी पंचायत के वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम तेजी से पूर्ण करें
- पंचायत सरकार भवनों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं ताकि एक ही जगह पर उस पंचायत के लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके।

पटना, 05 जनवरी 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में पंचायती राज विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि कुल 8053 पंचायतों में से 1447 में पंचायत सरकार भवन का निर्माण पूर्ण हो गया है, 789 पंचायत सरकार भवन निर्माणाधीन हैं और 2000 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण की स्वीकृति हो चुकी है। 2165 पंचायत सरकार भवनों के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है तथा शेष 1652 पंचायत सरकार भवनों के लिए भूमि चिह्नित करना बाकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की प्रगति की भी अद्यतन जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन पंचायत सरकार भवनों के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है उनका निर्माण कार्य जल्द शुरू करें। जिन पंचायत सरकार भवनों के लिए अभी भूमि चिह्नित नहीं की गई है वहां जल्द–से–जल्द भूमि चिह्नित करें। बचे हुए पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि पंचायतों को इज्जत और प्रतिष्ठा देने के लिए हमने इसका नामकरण पंचायत सरकार भवन किया। पंचायत सरकार भवन में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं ताकि एक ही जगह पर उस पंचायत के लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन की छत पर सोलर प्लेट जरूर लगवाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब राज्य होते हुए भी हमलोगों ने पंचायतों के लिए जितना काम किया है उतना देश में कहीं नहीं हुआ है। गांवों को विकसित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। सात निश्चय योजना 2 के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की शुरुआत की गई है, इसके तहत पंचायत के सभी वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है। सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम तेजी से पूर्ण करें। सोलर स्ट्रीट लाइट लगने से रात में रौशनी की काफी सुविधा होगी और बिजली की भी बचत होगी। गांव के रास्ते और महत्वपूर्ण स्थान सोलर लाइट से रौशन होंगे और इससे गांव की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के साथ–साथ उसके रखरखाव एवं सतत् निगरानी की बेहतर व्यवस्था करें।

बैठक में वित्त, वाणिज्यकर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, पंचायती राज मंत्री श्री मुरारी प्रसाद गौतम, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह, वित्त विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री संजीव हंस, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, पंचायती राज विभाग के निदेशक श्री आनंद शर्मा, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री महेन्द्र कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******